रोल नं.
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

**121** **421 (IML)**

# 2024

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

Time : 3 Hours ] [ Max. Marks : 80

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**Directions :** There are in all 26 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 12 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
Question No. 8 to 12 are to be answered in about 40 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 13 से 20 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
Question No. 13 to 20 are to be answered in about 100 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 21 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।
Question No. 21 to 25 are to be answered in about 150 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 26 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
Question No. 26 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(ix) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) सोवियत संघ (यू.एस.एस.आर.) में विघटन से पहले कितने गणराज्य थे? 1

(i) 10 (ii) 15

(iii) 20 (iv) 22

How many republics were there in the Soviet Union (U.S.S.R.) before disintegration?

(i) 10 (ii) 15

(iii) 20 (iv) 22

(ख) यूरोपीय संघ के झण्डे में कितने सितारे हैं? 1

(i) 09 (ii) 10

(iii) 11 (iv) 12

How many stars are there in the European Union Flag?

(i) 09 (ii) 10

(iii) 11 (iv) 12

(ग) 'सिंधु जल-संधि' पर किस वर्ष हस्ताक्षर किये गये? 1

(i) 1958 (ii) 1959

(iii) 1960 (iv) 1961

In which year was the 'Indus Waters Treaty' signed?

(i) 1958 (ii) 1959

(iii) 1960 (iv) 1961

(घ) भारत द्वारा किस वर्ष पहला परमाणु परीक्षण किया गया? 1

(i) 1974 (ii) 1975

(iii) 1979 (iv) 1985

In which year was the first nuclear test conducted by India?

(i) 1974 (ii) 1975

(iii) 1979 (iv) 1985

(ङ) भारत में आर्थिक-सुधारों की योजना कब शुरू की गयी थी? 1

(i) 1977 (ii) 1985

(iii) 1991 (iv) 1995

In which year the planning for Economic reforms was started in India?

(i) 1977 (ii) 1985

(iii) 1991 (iv) 1995

(च) राज्य पुनर्गठन अधिनियम-1956 के द्वारा कितने राज्यों का गठन किया गया? 1

(i) 14 (ii) 19

(iii) 24 (iv) 28

How many states were formed through States Reorganisation Act of 1956?

(i) 14 (ii) 19

(iii) 24 (iv) 28

(छ) 'पंचशील घोषणा' (1954) के समय चीन के प्रधानमंत्री कौन थे? 1

(i) शी जिनपिंग (ii) युवान शिकाई

(iii) चाऊ एन लाई (iv) झाओ जियांग

Who was the Prime Minister of China during the 'Declaration of Panchsheel' (1954)?

(i) Xi Jinping (ii) Yuan Shikai

(iii) Chou Enlai (iv) Zhao Ziyang

(ज) सन 1977 में देश की प्रथम गैर कांग्रेसी सरकार के प्रधानमंत्री कौन बने? 1

(i) जयप्रकाश नारायण (ii) जे.बी. कृपलानी

(iii) जगजीवन राम (iv) मोरारजी देसाई

Who became the Prime Minister of the countrie's first non-Congress government in 1977?

(i) Jayprakash Narayan (ii) J. B. Kriplani

(iii) Jagjivan Ram (iv) Morarji Desai

**निर्देश :** प्रश्न संख्या-1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In next two parts of Question No.-1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A)** : क्षेत्रीय आकांक्षाएँ लोकतान्त्रिक राजनीति का अभिन्न अंग हैं।

**कारण (R)** : लोकतंत्र क्षेत्रीयता को राष्ट्र-विरोधी मानता है। 1

**Assertion (A)**: Regional Aspirations are very much a part of democratic politics.

**Reason (R)** : Democracy looks upon the regionalism as anti-national.

(ञ) **अभिकथन (A)** : संविधान के अनुच्छेद 16 में पिछड़े वर्ग के नागरिकों के लिए नौकरियों के आरक्षण की व्यवस्था की गयी है।

**कारण (R)** : संविधान निर्माताओं द्वारा पिछड़े वर्ग और वंचित जातियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। 1

**Assertion (A)**: Article 16 of the constitution provide job reservation for backward class of citezens.

**Reason (R)** : The framers of the constitution had provided reservation to ensure that the backward and deprived castes are able to find a foothold in society.

2. संयुक्त राष्ट्रसंघ के मूल संस्थापक सदस्यों की संख्या कितनी थी? 1

What was the number of original founding members of the United Nations?

3. ब्राजील के किस शहर में 1992 में पृथ्वी सम्मेलन आयोजित किया गया? 1

In which city of Brazil, the Earth Summit was held in 1992?

4. 'वर्ल्ड सोशल फोरम' (डब्लू.एस.एफ.) क्या है? 1

What is World Social Forum (W.S.F.)?

5. भारतीय जनसंघ के संस्थापक-अध्यक्ष कौन थे? 1

Who was the founder-President of Bhartiya Jansangh?

6. भारत में 'प्रिवी पर्स' की व्यवस्था कब समाप्त की गयी? 1

When was the 'Privy Purse' system abolished in India?

7. 'बाबरी मस्जिद' को किस वर्ष विध्वंस किया गया? 1

In which year was Babri Masjid' demolished?

8. 'आसियान विज़न-2020' की मुख्य बातें क्या हैं? 2

What are the important points of 'ASEAN Vision-2020'?

9. पर्यावरण के मसले पर भारत के पक्ष का 'क्योटो प्रोटोकॉल' के अन्तर्गत उल्लेख कीजिए। 2

State the India's stand on environmental issues under 'Kyoto Protocol'?

10. वैश्वीकरण क्या है? 2

What is Globalisation?

11. 'बॉम्बे प्लान' क्या था? स्पष्ट कीजिए। 2

What was 'Bombay Plan'? Clarify.

12. मानव अधिकारों के क्षेत्र में सक्रिय दो अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों का उल्लेख कीजिए। 2

Mention two International Organisations working in the field of Human Rights.

13. भारत-चीन सम्बन्धों का वर्णन संक्षेप में कीजिए। 3

Discuss Indo-China relations in brief.

14. संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष में अपने तर्क दीजिए। 3

Give your reasons in favour of India's permanent membership in UN's Security Council.

15. मूलवासियों ने अपने अधिकारों के लिये किस प्रकार से संघर्ष किया? संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 3

How did indigenous people fight for their rights? Explain in brief.

16. 'मतदान के बदलते तरीके' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये। 3

Write a short note on 'Changing methods of Voting'.

17. जनसंचार माध्यमों के कामकाज पर आपातकाल का क्या असर हुआ? 3

What was the impact of emergency on the functioning of Mass Media?

18. 1960 के दशक की कांग्रेस पार्टी के सन्दर्भ में 'सिंडिकेट' का क्या अर्थ है? 3

What does the term 'Syndicate' mean in the context of the Congress party of the sixties.

19. मण्डल आयोग क्या है? इसकी सिफारिशों का उल्लेख कीजिए। 3

What is Mandal Commission? Mention its recommendations.

20. भारत में साम्प्रदायिकता के कारणों का वर्णन कीजिए। 3

Discuss the causes of communalism in India.

21. सोवियत संघ का विघटन क्यों हुआ? भारत के लिये सोवियत संघ के विघटन के क्या परिणाम हुए? 5

Why did the Soviet Union disintegrate? What were the consequences of the disintegration of Soviet Union for India?

**अथवा/OR**

'शॉक थेरेपी' क्या थी? इसके परिणामों का उल्लेख कीजिए?

What was 'shock therapy'? Mention its consequences.

22. श्रीलंका में जातीय संघर्ष के परिणाम लिखिये। 5

State the consequences of ethnic conflict in Srilanka.

**अथवा/OR**

दक्षिण एशिया के देशों के बीच आर्थिक सहयोग की राह तैयार करने में दक्षेस (सार्क) की भूमिका और सीमाओं का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the role and limitations of SAARC as a forum for facilitating economic cooperation among the South Asian countries.

23. भारत की सुरक्षा नीति के चार बड़े घटक हैं, जिनके आधार पर भारत की सुरक्षा रणनीति बनाई गई है। इन घटकों का वर्णन कीजिए। 5

India's security policy has four broad components, on the basis of which India's security strategy has been made. Discuss these components.

**अथवा/OR**

परम्परागत तथा अपारम्परिक सुरक्षा में क्या अन्तर है? समझाइये।

What is the difference between traditional and non-traditional security? Explain.

24. भारत की गुटनिरपेक्षता नीति का वर्तमान संदर्भ में मूल्यांकन कीजिए। 5

Evaluate the Non-Alignment policy of India in the present context.

**अथवा/OR**

भारत की परमाणु नीति का वर्णन कीजिए।

Describe the India's Nuclear policy.

25. अगस्त 1947 में नव स्वतंत्र भारत के सम्मुख कौन सी तीन प्रमुख चुनौतियां थी? वर्णन कीजिए। 5

What were the three main challenges before newly independent India in August 1947? Discuss.

**अथवा/OR**

भारतीय संघ में रजवाड़ों के विलय में क्या समस्या थी? इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या नजरिया अपनाया?

What was the problem in integration of Princely States with the Indian Union? What approach did the government adopt in this regard?

26. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा इसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये-

Read the following passage carefully and answer the questions given below-

पूर्वोत्तर का अलग-थलग पड़ जाना, इस इलाके की जटिल सामाजिक संरचना और देश के अन्य हिस्सों के मुकाबले इस इलाके का आर्थिक रूप से पिछड़ा होना, जैसी कई बातों ने एक साथ मिलकर एक जटिल स्थिति पैदा की। ऐसे में पूर्वोत्तर के राज्यों से बड़ी बेतरतीब किस्म की माँगे उठी। इस इलाके में भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा काफी बड़ी है लेकिन पूर्वोत्तर और भारत के शेष भागों के बीच संचार-व्यवस्था बड़ी

लचर है। इससे भी पूर्वोत्तर की राजनीति का स्वभाव ज्यादा संवेदनशील रहा। पूर्वोत्तर के राज्यों में राजनीति पर तीन मुद्दे हावी हैं : स्वायत्तता की माँग, अलगाव के आंदोलन और 'बाहरी' लोगों का विरोध। इसमें पहले मुद्दे यानी स्वायत्तता की माँग पर 1970 के दशक में कुछ शुरुआती पहल की गई थी, इससे शेष दो मुद्दों ने 1980 के दशक में नाटकीय मोड़ लिया।

The isolation of the region, its complex social character and its backwardness compared to other parts of the country have all resulted in the complicated set of demands from different states of the North-East. The vast international border and weak communication between the North-East and the rest of India have further added to the delicate nature of politics there. Three issues dominate the politics of North-East : demands for autonomy, movements for secession, and opposition to 'outsiders'. Major initiatives on the first issue in the 1970s set the stage for some dramatic developments on the second and the third in the 1980s.

(क) किन कारणों से पूर्वोत्तर की राजनीति का स्वभाव ज्यादा संवेदनशील रहा है? 2

Due to which reasons, the nature of politics of North-East has been more delicate?

(ख) असम में राजनैतिक स्वायत्तता की माँग क्यों उठी? 1

Why did the demand for political autonomy arise in Assam?

(ग) पूर्वोत्तर के किस छात्र-संगठन ने 1979 में विदेशियों के विरोध में एक आन्दोलन चलाया? 1

Which students' group of North-East launched a anti-foreigner movement in 1979?

(घ) लालडेंगा के नेतृत्व में हुये अलगाववादी आन्दोलन की प्रमुख मांग क्या थी? 1

What was the main demand of the secessionist movement led by Laldenga?

*****